# डेली करेंट क्विज़

(संग्रह)

## दिसंबर भाग-1
## 2022



Drishti IAS

Drishti, 641, First Floor,
Dr. Mukharjee Nagar, Delhi-110009
Inquiry ( English ): 8010440440,
Inquiry ( Hindi ): 8750187501
Email: help@groupdrishti.in

## प्रश्न भाग-1

1. भारत के मुख्य न्यायाधीश (CJI)' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

   1. भारत के मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति कॉलेजियम प्रणाली के माध्यम से की जाती है।
   2. CJI को मास्टर ऑफ रोस्टर के रूप में जाना जाता है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. 1 और 2 दोनों
   D. न तो 1 और न ही 2

2. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

   1. जॉम्बी वायरस पर्माफ्रॉस्ट में कई सहस्राब्दी पुराने होने के बावजूद संक्रामक बने रहे।
   2. जॉम्बी वायरस मानवों में बीमारियाँ नहीं फैला सकता है।

   नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. 1 और 2 दोनों
   D. न तो 1 और न ही 2

3. कभी-कभी समाचारों में देखे जाने वाले बिंटुरोंग के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

   1. यह नगालैंड का राजकीय पक्षी है।
   2. यह दक्षिण-पूर्व एशिया के घने जंगलों में पाए जाने वाले सिवेट परिवार का बिल्ली जैसा सर्वभक्षी है।
   3. वर्तमान में यह IUCN रेड लिस्ट में गंभीर रूप से संकटग्रस्त के रूप में सूचीबद्ध है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

   A. 1 और 2 केवल
   B. केवल 2
   C. 2 और 3 केवल
   D. 1, 2 और 3

4. हाल ही में RBI ने सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी (CBDC) की भारत की पहली पायलट परियोजना शुरू की, CBDC के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

   1. CBDC कागजी मुद्रा का एक डिजिटल रूप है और क्रिप्टोकरेंसी की तरह, यह विकेंद्रीकृत नेटवर्क पर काम करता है।
   2. यह फिएट मुद्रा के समान है और फिएट मुद्रा के साथ वन-टू-वन रूप में विनिमेय है।
   3. ब्लॉकचेन द्वारा समर्थित वॉलेट का उपयोग करके CBDC का लेन-देन किया जा सकता है।
   4. बहामास सैंड डॉलर नाम से अपना राष्ट्रव्यापी CBDC लॉन्च करने वाली पहली अर्थव्यवस्था है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

   A. केवल 1 और 2
   B. केवल 2 और 4
   C. केवल 1 और 3
   D. केवल 2, 3 और 4

नोट :

5. हाल ही में में'अग्निाण' निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

A. प्रक्षेपण यान

B. उपग्रह

C. परमाणु हथियार

D. पनडुब्बी

6. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. 'परिवेश पोर्टल' एक वेब आधारित प्लेटफॉर्म है जो पासपोर्ट और वीज़ा के लिये ऑनलाइन सेवा प्रदान करता है।

2. भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के माध्यम से पासपोर्ट/वीज़ा आवेदकों की जानकारी सत्यापित की जाती है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

7. 'इंडिया कूलिंग एक्शन प्लान (ICAP)' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ICAP का उद्देश्य मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल के अनुरूप ओज़ोन-क्षयकारी पदार्थों को कम करना था।

2. यह योजना ग्लोबल कूलिंग को प्रेरित करके ग्लोबल वार्मिंग को कम करने के लिये सल्फर आधारित ईंधन को प्रोत्साहित कर रही है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

8. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (UNSC) में 5 स्थायी और 5 गैर-स्थायी सदस्य हैं।

2. UNSC और UNGA संयुक्त रूप से अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय के न्यायाधीशों का चुनाव करते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

9. "आदिवासी विकास रिपोर्ट 2022" निम्नलिखित में से किसके द्वारा जारी की जाती है?

A. जनजातीय कार्य मंत्रालय

B. नीति आयोग

C. गृह मंत्रालय

D. भारत ग्रामीण आजीविका फाउंडेशन (BRLF)

10. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. हॉर्नबिल उष्णकटिबंधीय और उपोष्णकटिबंधीय अफ्रीका और एशिया में पाए जाते हैं।

2. हॉर्नबिल मणिपुर के मैतेई समुदाय का सांस्कृतिक प्रतीक हैं।

3. हॉर्नबिल का शिकार उनके शरीर के अंगों के औषधीय महत्त्व के कारण किया जाता है।

**नोट :**

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

11. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. डिजीयात्रा राष्ट्रीय राजमार्गों पर टोल टैक्स के इलेक्ट्रॉनिक भुगतान के लिये एक डिजिटल पहल है।
2. यह राष्ट्रीय राजमार्ग पर प्रत्येक ट्रैफिक सिग्नल की डिजिटल कनेक्टिविटी को प्रोत्साहित करता है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

12. 'पब्लिसिटी राइट/अधिकार' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह बिना अनुमति के सार्वजनिक रूप से किसी के व्यक्तित्त्व का प्रतिनिधित्त्व नहीं करने का अधिकार है।
2. पब्लिसिटी राइट के अधिकार 'पासिंग ऑफ' के दायरे में आते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

13. तटीय लाल रेत के टीलों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इन्हें 'एर्रा मट्टी डिब्बालु' के नाम से भी जाना जाता है।
2. इसे भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (GSI) द्वारा भू-विरासत स्थल घोषित किया गया था।
3. यह भूमध्यरेखीय क्षेत्रों में नहीं पाए जाते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

14. पुनर्योजी कृषि के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह एक समग्र कृषि प्रणाली है जो खाद्य गुणवत्ता और पर्यावरण की जैव विविधता पर केंद्रित है।
2. यह रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के उपयोग को हतोत्साहित करती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

15. निम्नलिखित में से कौन-सा गैसलाइटिंग की सबसे अच्छी व्याख्या करता है?
  A. यह रूस से कम दाम में गैस की खरीद के लिये भारत सरकार की एक पहल है।
  B. यह हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिये UNFCC द्वारा अपनाई गई नीति है।
  C. यह किसी व्यक्ति के मनोवैज्ञानिक बदलाव की एक घटना है।
  D. यह एक नियमित नौकरी के अलावा अंशकालिक रोज़गार को संदर्भित करता है।

16. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
  1. खाद्य और कृषि संगठन (FAO) संयुक्त राष्ट्र की एक विशेष एजेंसी है।
  2. विश्व खाद्य कार्यक्रम और यूनिसेफ FAO की दो सहयोगी संस्थाएँ हैं।
  3. खाद्य और कृषि की स्थिति (SOFA) FAO का एक प्रमुख प्रकाशन है।

  उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?
  A. केवल 1 और 2
  B. केवल 1 और 3
  C. केवल 2 और 3
  D. 1, 2 और 3

17. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
  1. भारत ने दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकारों पर संयुक्त राष्ट्रीय अभिसमय(यूएनसीआरपीडी) पर हस्ताक्षर नहीं किये है।
  2. विशिष्ट दिव्यांगता पहचान (यूडीआईडी) परियोजना लाभार्थियों की भौतिक और वित्तीय प्रगति की ट्रैकिंग को सुव्यवस्थित करती है।

  नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये :
  A. केवल 1
  B. केवल 2
  C. 1 और 2 दोनों
  D. न तो 1 और न ही 2

18. असम राज्य में काज़ीरंगा राष्ट्रीय उद्यान ब्रह्मपुत्र घाटी बाढ़ के मैदान में सबसे बड़ा अबाधित और प्रतिनिधि क्षेत्र है, इसे घोषित किया गया है:
  1. टाइगर रिज़र्व
  2. यूनेस्को का विश्व धरोहर स्थल
  3. महत्त्वपूर्ण पक्षी क्षेत्र (बर्डलाइफ इंटरनेशनल के अनुसार)
  4. रामसर स्थल

  नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:
  A. केवल 1 और 2
  B. केवल 1, 2 और 4
  C. केवल 1, 2 और 3
  D. 1, 2, 3 और 4

19. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये :

| | **राष्ट्रीय उद्यान** | **राज्य/केंद्रशासित प्रदेश** |
|---|---|---|
| 1. | हेमिस राष्ट्रीय उद्यान | लद्दाख |
| 2. | दक्षिण बटन द्वीप राष्ट्रीय उद्यान | गोवा |
| 3. | मोल्लेम राष्ट्रीय उद्यान | असम |
| 4. | वाल्मीकि राष्ट्रीय उद्यान | बिहार |

**नोट :**

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 1 और 3

C. केवल 2 और 4

D. केवल 1 और 4

20. डॉ. राजेंद्र प्रसाद के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. वह आधिकारिक तौर पर 1934 में बॉम्बे में आयोजित अपने वार्षिक सत्र के दौरान भारतीय राष्ट्रीय कॉन्ग्रेस में शामिल हो गए।
2. वर्ष 1939 में सुभाष चंद्र बोस के इस्तीफे के बाद उन्हें दूसरी बार अध्यक्ष चुना गया।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही

21. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. परि-प्रशांत वलय दक्षिण और उत्तरी अमेरिका के पश्चिमी तट तक विस्तृत है।
2. प्रविष्ठन क्षेत्र के साथ विवर्तनिक प्लेटों का संमिलित संचलन परि-प्रशांत वलय पर ज्वालामुखी गतिविधि का प्रमुख है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

22. 'कायाकल्प और शहरी परिवर्तन के लिये अटल मिशन (AMRUT)' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह मिशन चक्रीय अर्थव्यवस्था से जुड़ा है क्योंकि यह उपचारित अपशिष्ट जल के पुन: उपयोग को बढ़ावा देता है।
2. AMRUT के तहत पेय जल सर्वेक्षण में जल निकायों का मानचित्रण किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

23. सेमरू ज्वालामुखी किस देश में स्थित है?

A. मलेशिया

B. भारत

C. श्रीलंका

D. इंडोनेशिया

24. चीता के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. IUCN के रेड लिस्ट में अफ्रीकी चीता को अति संकटग्रस्त जबकि एशियाई चीता को सुभेद्य के रूप में सूचीबद्ध किया गया है।
2. विश्व भर में चीतों की सर्वाधिक आबादी नामीबिया में पाई जाती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

25. निम्नलिखित देशों पर विचार कीजिये:

1. स्वीडन
2. नीदरलैंड
3. ऑस्ट्रिया
4. फ्राँस

उपर्युक्त में से कौन-से देश जर्मनी के साथ सीमा साझा करते हैं ?

A. केवल 1, 2 और 3

B. केवल 2, 3 और 4

C. केवल 3 और 4

D. 1, 2, 3 और 4

26. अश्गाबात समझौते के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. समझौते का उद्देश्य मध्य एशिया और दक्षिण एशिया के बीच एक अंतर्राष्ट्रीय मल्टीमॉडल परिवहन और ट्रांजिट कॉरिडोर स्थापित करना है।
2. भारत अश्गाबात समझौते का सदस्य नहीं है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

27. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

1. काली मृदा नाइट्रोजन और फ़ॉस्फ़ोरस से भरपूर होती है।
2. दक्कन के पठार का अधिकांश भाग काली मृदा से ढका हुआ है।

नीचे दिये गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर का चयन कीजिये:

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

28. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. डॉ. बी. आर. अंबेडकर की पुण्यतिथि को महापरिनिर्वाण दिवस के रूप में मनाया जाता है।
2. डॉ. अंबेडकर ने तीनों गोलमेज सम्मेलनों में भाग लिया।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 न ही 2

नोट :

29. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. मैंडस चक्रवात ने हाल ही में पश्चिम बंगाल और ओडिशा के तट को प्रभावित किया।
2. चक्रवात मैंडस का नामकरण संयुक्त अरब अमीरात द्वारा किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

30. निम्नलिखित देशों पर विचार कीजिये:

A. कज़ाखस्तान
B. किर्गिज़स्तान
C. तज़ाकिस्तान
D. अज़रबैजान

उपर्युक्त देशों में से कौन से मध्य एशियाई देशों का हिस्सा हैं?

A. 1 और 2 केवल
B. केवल 1, 2 और 3
C. केवल 2 और 4
D. 1, 2, 3 और 4

31. निम्नलिखित में से किस संवैधानिक प्रावधान के तहत भारत के उपराष्ट्रपति राज्यसभा के पदेन सभापति होते हैं?

A. अनुच्छेद 64
B. अनुच्छेद 65
C. अनुच्छेद 66
D. अनुच्छेद 67

32. भारत के उपराष्ट्रपति का चुनाव करने वाला निर्वाचक मंडल भारत के राष्ट्रपति का चुनाव करने वाले निर्वाचक मंडल से इस आधार पर भिन्न होता है कि:

1. उपराष्ट्रपति के निर्वाचक मंडल में राज्यसभा के मनोनीत सदस्य शामिल नहीं होते हैं।
2. उपराष्ट्रपति के निर्वाचक मंडल में राज्य विधानसभाओं के सदस्य शामिल होते हैं।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर  कर सही उत्तर चुनिये :

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

33. रेपो दर के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह एक ऐसी दर है जिस पर RBI केवल अनुसूचित बैंकों को पैसा उधार देता है।
2. यह उन बैंकों को दिया जाता है जो अपनी अल्पकालिक वित्तीय ज़रूरतों को पूरा करना चाहते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

34. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

A. मौद्रिक नीति समिति (MPC) की स्थापना बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 के प्रावधान के अनुसार की गई है।

B. MPC का उद्देश्य मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने और विकास के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये नीति (रेपो) दर निर्धारित करना है।।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?

1. केवल 1
2. केवल 2
3. 1 और 2 दोनों
4. न तो 1 और न ही 2

35. हाल ही में चर्चा में रहा SPIN प्लेटफॉर्म निम्नलिखित में से किससे संबंधित है ?

A. अंतरिक्ष उद्यमिता

B. जेनेटिक इंजीनियरिंग

C. पराली दहन

D. वैक्सीन का विकास

36. निम्नलिखित में से किस संवैधानिक प्रावधान द्वारा सिक्किम भारत का हिस्सा बना ?

A. अनुच्छेद 2

B. अनुच्छेद 3

C. अनुच्छेद 4

D. उपर्युक्त में से कोई नहीं

37. पीएम स्वनिधि योजना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह वर्ष 2019 में लागू एक केंद्रीय प्रायोजित योजना है।
2. यह 50,000 रुपए तक के किफायती कार्यशील पूंजी ऋण प्रदान करता है।
3. यह लाभार्थियों और उनके परिवारों की सामाजिक-आर्थिक प्रोफ़ाइल का आकलन करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1

B. केवल 1 और 2

C. केवल 2 और 3

D. 1, 2 और 3

38. 74वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1992 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह ज़मीनी स्तर पर नेतृत्व प्रदान करने के लिये गाँवों में ग्राम सभाओं की स्थापना का प्रावधान करता है।
2. यह प्रत्येक पाँच वर्ष की अवधि के लिये प्रत्येक राज्य में राज्य वित्त आयोग की स्थापना का प्रावधान करता है।
3. यह ग्राम सभा में 50% सीटों के लिये महिलाओं को आरक्षण प्रदान करता है।
4. यह स्थानीय निकायों में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति को उनकी जनसंख्या के अनुसार आरक्षण प्रदान करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं ?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 2 और 4

D. 1, 2, 3 और 4

नोट :

39. राष्ट्रीय प्रवासी छात्रवृत्ति योजना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह एक केंद्र प्रायोजित योजना है।
2. यह कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय के तहत लागू किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

40. निम्नलिखित में से कौन-सा/से भारत के विदेशी मुद्रा भंडार के अंतर्गत शामिल है/हैं?

1. विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति
2. सोने का भंडार
3. विशेष अहरण अधिकार

नीचे दि गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. केवल 1 और 3
D. 1,2 और 3

41. निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

1. ट्रोइका, G20 के भीतर शीर्ष समूह को संदर्भित करता है जिसमें वर्तमान, पिछले और आगामी अध्यक्ष पद वाले देश शामिल हैं।
2. G20 शिखर सम्मेलन, 2023 जिसकी अध्यक्षता भारत ने की, का विषय "वन अर्थ. वन फैमिली वन फ्यूचर" है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

42. राष्ट्रीय दल को मान्यता देने के लिये भारत निर्वाचन आयोग (ECI) द्वारा अपनाए गए मानदंड हैं:

1. यदि यह संबंधित राज्य विधान सभा के आम चुनाव में राज्य में डाले गए वैध मतों का 6% मत प्राप्त करता है और साथ ही यह उसी राज्य विधान सभा में 2 सीटें जीतता है।
2. यदि यह लोकसभा के आम चुनाव में राज्य में कुल वैध मतों का 6% प्राप्त करता है और साथ ही यह उसी राज्य से लोकसभा में 1 सीट जीतता है।
3. यदि यह संबंधित राज्य की विधानसभा के आम चुनाव में विधान सभा में 3% सीटें जीतता है।
4. यदि यह राज्य या राज्य विधानसभा के लिये लोकसभा के आम चुनाव में राज्य में डाले गए कुल वैध मतों का 8% मत प्राप्त करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 2 और 4
D. केवल 1, 2 और 4

नोट :

43. उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति कॉलेजियम प्रणाली द्वारा की जाती है, जिसमें सर्वोच्च न्यायालय के 3 वरिष्ठतम न्यायाधीश और सरकार के प्रतिनिधि के रूप में एक कानून मंत्री शामिल होते हैं।
2. संविधान के अनुच्छेद 124 (2) के तहत कॉलेजियम प्रणाली की व्याख्या की गई है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

44. . नारीकोरवन और कुरुविक्करन पहाड़ी जनजातियाँ हाल ही में खबरों में थीं। निम्नलिखित में से कौन-सा राज्य/संघ राज्य क्षेत्र इन जनजातियों से संबंधित है ?

A. तमिलनाडु
B. हिमाचल प्रदेश
C. ओडिशा
D. जम्मू और कश्मीर

45. मेईज़ोट्रोपिस पेलिट के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे आमतौर पर पटवा के नाम से जाना जाता है।
2. इसको IUCN की लाल सूची में लुप्तप्राय के रूप में सूचीबद्ध किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

46. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. संदेशों को एन्क्रिप्ट और डिक्रिप्ट करने के लिये उपयोग की जाने वाली क्रिप्टोग्राफिक कुंजियाँ एंडपॉइंट पर संग्रहीत होती हैं।
2. कुछ एंड-टू-एंड एन्क्रिप्शन (E2EE) कार्यान्वयन एन्क्रिप्टेड डेटा को ट्रांसमिशन के दौरान कुछ बिंदुओं पर एन्क्रिप्ट और पुन: एन्क्रिप्ट करने की अनुमति देते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

47. मलेरिया के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह मुख्य रूप से अफ्रीका, दक्षिण अमेरिका और एशिया के उष्णकटिबंधीय एवं उपोष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में पाया जाता है।
2. यकृत कोशिकाओं के भीतर इन परजीवियों गुणात्मक वृद्धि होती है।
3. मनुष्यों में मलेरिया संक्रमण के कारण 5 प्रकार की परजीवी प्रजातियाँ हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

नोट :

48. संसद में निजी सदस्य विधेयक के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. सदन में इसे पेश करने के लिये तीन महीने के नोटिस की आवश्यकता होती है।
2. सदन द्वारा इसे अस्वीकृत किये जाने का सरकार में विश्वास पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिये:

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

49. भारत में उर्वरक सब्सिडी के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. सरकार द्वारा उर्वरक सब्सिडी की घोषणा तिमाही आधार पर की जाती है।
2. इससे किसान बाज़ार से कम कीमत पर खाद खरीद सकेंगे।
3. भारत में यूरिया सबसे अधिक उत्पादित, आयातित, खपत और भौतिक रूप से विनियमित उर्वरक है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. केवल 1, 2, 3

50. निम्नलिखित नदियों में से कौन-सी गंगा में दाहिनी ओर से मिलने वाली सहायक नदी है?

A. गोमती
B. गंडक
C. कोसी
D. सोन

51. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO) की स्थापना 1919 में वर्साय की संधि द्वारा की गई थी।
2. ILO की 17 वीं एशिया प्रशांत क्षेत्रीय बैठक (APRM) की मेज़बानी भारत द्वारा की गई।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

52. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. संसदीय समिति सदन के अध्यक्ष/सभापति के निर्देशन में काम करती है।
2. संसदीय समितियों की उत्पत्ति ब्रिटिश संसद में हुई है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

53. विचाराधीन कैदियों के लिये संवैधानिक संरक्षण के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. सातवीं अनुसूची के तहत 'जेल/उसमें हिरासत में लिये गए व्यक्ति' राज्य सूची का विषय है।
   2. भारत के संविधान का अनुच्छेद 39A समान न्याय और नि:शुल्क कानूनी सहायता के प्रावधानों से संबंधित है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. 1 और 2 दोनों
   D. न तो 1 और न ही 2

54 . 'डेयर टू ड्रीम प्रतियोगिता' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

   A. यह युवाओं को भारतीय सेना में शामिल होने हेतु प्रोत्साहित करने के लिये एक कार्यक्रम है।
   B. यह वंचित छात्रों को पूरी तरह से वित्त पोषण हेतु छात्रवृत्ति प्रदान करने के लिये भारत सरकार का कार्यक्रम है
   C. यह रक्षा और एयरोस्पेस के क्षेत्र में नवाचार हेतु व्यक्तिगत और स्टार्ट-अप को बढ़ावा देने के लिये DRDO का एक कार्यक्रम है।
   D. यह आर्टेमिस मिशन का हिस्सा बनने के लिये किसी व्यक्ति का चयन करने हेतु नासा का एक कार्यक्रम है।

55. "पश्चिमी विक्षोभ" के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. ये ऐसे तूफान हैं जो कैस्पियन सागर में उत्पन्न होते हैं।
   2. वे उच्च ऊँचाई वाले पूर्वी जेट स्ट्रीम के साथ पश्चिम की ओर प्रवाहित होते हैं।
   3. ये उत्तरी उपमहाद्वीप में रबी फसल के विकास के लिये महत्त्वपूर्ण हैं।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

   A. केवल 1 और 2
   B. केवल 1 और 3
   C. केवल 2 और 3
   D. 1, 2 और 3

56. 'राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (‘National Skill Development Corporation- NSDC)' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. कौशल की मांग और आपूर्ति के बीच के अंतर को कम करने के लिये NSDC की स्थापना की गई थी।
   2. NSDC अल्ट्रा-लो-कॉस्ट, हाई-क्वालिटी, इनोवेटिव बिज़नेस मॉडल के विकास की सुविधा प्रदान करता है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. 1 और 2 दोनों
   D. न तो 1 और न ही 2

57. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   1. लॉयन-टेल्ड मकॉक को IUCN रेड लिस्ट के तहत गंभीर रूप से लुप्तप्राय के रूप में वर्गीकृत किया गया है।
   2. लॉयन-टेल्ड मकॉक पश्चिमी घाट के सदाबहार जंगलों के स्थानिक हैं।

   नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. 1 और 2 दोनों
   D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

58. सार्वजनिक वितरण प्रणाली (PDS) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसका संचालन केवल केंद्र सरकार द्वारा किया जाता है।
2. इससे गरीब लोगों को बाज़ार मूल्य से कम कीमत पर खाद्यान्न आवंटित करने के लिये सरकार द्वारा किये गए हस्तक्षेप के कारण खाद्य कीमतों में उतार-चढ़ाव हो सकता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

59. हाल ही में चर्चा में रहा पद 'रयुगु' निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

A. विषाणु
B. रैंसमवेयर
C. क्षुद्रग्रह
D. मिसाइल

60. हाल ही में खबरों में रहा ट्यूनिस एजेंडा निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

A. संयुक्त राष्ट्र इंटरनेट गवर्नेंस फोरम (IGF)
B. विश्व मौसम विज्ञान संगठन
C. अंतर्राष्ट्रीय समुद्री प्राधिकरण
D. जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र का फ्रेमवर्क अभिसमय

61. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. स्वच्छता उद्यमी योजना (SUY) सामुदायिक शौचालयों के निर्माण, संचालन और रखरखाव के लिये वित्तीय सहायता प्रदान करती है।
2. मैला ढोने वालों के पुनर्वास के लिये स्वरोज़गार योजना (SRMS) के तहत स्वच्छता से संबंधित वाहनों के लिये लाभार्थी / मैला ढोने वाले व्यक्तियों हेतु सब्सिडी का प्रावधान है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

62. द ग्रेट इंडियन बस्टर्ड के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. द ग्रेट इंडियन बस्टर्ड भारतीय वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की अनुसूची I में सूचीबद्ध है।
2. GIB गुजरात में कच्छ के घास के मैदानों में पाया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

63. चालू खाता घाटा (CAD) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. चालू खाता घाटा (CAD) में वृद्धि इस बात का साकेत है कि देश अप्रतिस्पर्द्धी हो गया है और निवेशक वहाँ निवेश करने को तैयार नहीं हो सकते हैं।
2. चालू खाता घाटा और राजकोषीय घाटा एक साथ जुड़वाँ घाटे/ट्विन डेफिसिट के रूप में जाने जाते हैं।

नोट :

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

64. हाल ही में चर्चा में रहा ट्रामजात्रा उत्सव निम्नलिखित में से किस शहर से संबंधित है ?

A. दिल्ली

B. कोलकाता

C. अहमदाबाद

D. सूरत

65. बेपोर उरु के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह खाड़ी देशों के साथ केरल के व्यापारिक संबंधों का प्रतीक है।
2. उरु बनाने में ओडायी और खलासी समुदाय शामिल हैं।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

## व्याख्या भाग-1

1 B

व्याख्या:

- भारत के मुख्य न्यायाधीश को अनुच्छेद 124 (2) के तहत भारत के राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त किया जाता है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- सर्वोच्च न्यायालय कॉलेजियम की अध्यक्षता CJI करते हैं और इसमें अदालत के चार अन्य वरिष्ठतम न्यायाधीश शामिल होते हैं।
- CJI को मास्टर ऑफ रोस्टर के रूप में जाना जाता है। अत: कथन 2 सही है।
- 'मास्टर ऑफ रोस्टर' मामलों की सुनवाई के लिये बेंचों का गठन करने के लियेएमुख्य न्यायाधीश के विशेषाधिकार को संदर्भित करता है।

2 A

व्याख्या:

- जॉम्बी वायरस उन वायरस के लिये उपयोग किया जाने वाला शब्द है जो हज़ारों वर्षों से निष्क्रिय हैं।
- जमी हुई ज़मीन में फँसे कई सहस्राब्दियों को बिताने के बावजूद यह संक्रामक बना हुआ है। अत: कथन 1 सही है।
- 13 नए रोगजनकों(पथोजेन) की पहचान की गई है, जिन्हें 'ज़ॉम्बी वायरस' कहा जाता है, जो पर्माफ्रॉस्ट में कई सहस्राब्दी पुराने होने के बावजूद संक्रामक बने रहे।
- जॉम्बी वायरस ऐसी बीमारियाँ पैदा कर सकते हैं जो लोगों को नुकसान पहुँचा सकती हैं। अत: कथन 2 सही नहीं है।

3 B

व्याख्या:

- बिंटूरोंग, (Arctictis binturong), जिसे भालू बिल्ली या बिल्ली भालू भी कहा जाता है, दक्षिण पूर्व एशिया के घने जंगलों में पाए जाने वाले सिवेट परिवार (Viverridae) के बिल्ली के समान सर्वाहारी जंतु है। अत: कथन 2 सही है।
- नगालैंड का राजकीय पक्षी बेलीथ ट्रैगोपन है। अत: कथन 1 सही नहीं है।

- इसके लंबे बिखरे बाल, गुच्छेदार कान और एक लंबी, झाड़ीदार पूँछ होती है। पूँछ आम तौर पर काले रंग की होती है जिसमें कुछ सफेद बाल होते हैं।
- बिंटूरोंग मुख्य रूप से निशाचर(रात में घूमने-फिरने वाले) और क्रेपसकुलर (जो सांध्य के दौरान सक्रिय) होते हैं।
- यह अक्सर पेड़ों पर पाया जाता है और इसकी झाड़दार पूँछ चढ़ाई में इसकी सहायता करता हैं। यह मुख्यत: अंजीर खाता है, लेकिन अंडे और छोटे जानवर भी खाता है।
- वर्तमान में यह IUCN रेड लिस्ट में सुभेद्द के रूप में सूचीबद्ध है। अत: कथन 3 सही नहीं है।

4 D

व्याख्या:

- CBDC कागजी मुद्रा का एक डिजिटल रूप है और एक नियामक वैक्यूम में संचालित होने वाली क्रिप्टोकरेंसी के विपरीत, ये एक केंद्रीय बैंक द्वारा जारी और समर्थित कानूनी निविदा है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- यह फिएट मुद्रा के समान है और फिएट मुद्रा के साथ वन-टू-वन रूप में विनिमेय है। अत: कथन 2 सही है।
- ब्लॉकचेन द्वारा समर्थित वॉलेट का उपयोग करके डिजिटल फिएट करेंसी या CBDC का लेन-देन किया जा सकता है। अत: कथन 3 सही है।
- बहामास अपना राष्ट्रव्यापी CBDC - सैंड डॉलर लॉन्च करने वाली पहली अर्थव्यवस्था है। अत: कथन 4 सही है।

5 A

व्याख्या:

- अग्निबाण दो चरणों वाला एक प्रक्षेपण यान है जो पृथ्वी की सतह से लगभग 700 किलोमीटर की निचली पृथ्वी की कक्षा में 100 किलोग्राम तक के पेलोड ले जाने में सक्षम है।
- यह कंपनी के 3डी-प्रिंटेड अग्निलेट इंजन द्वारा संचालित होगा
- अग्निलेट दुनिया का पहला 3-डी प्रिंटेड इंजन है जिसे पूरी तरह से भारत में डिज़ाइन और निर्मित किया गया है तथा वर्ष 2021 की शुरुआत में इसका सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया था, जिससे अग्निकुल ISRO में अपने इंजनों का परीक्षण करने वाली देश की पहली कंपनी बन गई।
- अग्निलेट रॉकेट एक "सेमी-क्रायोजेनिक" इंजन है जो खुद को आगे बढ़ाने के लिये सुपरकोल्ड तरल ऑक्सीजन के मिश्रण का उपयोग करता है। अत: विकल्प A सही है।

6 D

व्याख्या:

- 'परिवेश पोर्टल' केंद्रीय, राज्य और ज़िला स्तर के अधिकारियों से पर्यावरण, वन, वन्य जीवन और CRZ क्लीयरेंस को लागू करने और निगरानी के लिये वेब-आधारित मंच है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- यह ई-गवर्नेंस में सुधार और ईज़ ऑफ डूइंग रेस्पॉन्सिबल बिजनेस को बढ़ाने की दिशा में एक कदम है।
- किसी विशेष परियोजना के लिये आवश्यक सभी प्रकार की मंज़ूर हेतु एक यूनिक-आईडी है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- इसे विश्व जैव ईंधन दिवस के अवसर पर लॉन्च किया गया था और इसे राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (NIC) की तकनीकी सहायता के साथ पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा विकसित किया गया है।

7 A

व्याख्या:

- मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल के अनुरूप, इस योजना में उन तत्त्वों को पर ज़ोर दिया गया है जो ओज़ोन परत को नुकसान पहुँचाते हैं। अत: कथन 1 सही है।
- यह राष्ट्रीय S&T कार्यक्रम के तहत अनुसंधान के एक महत्त्वपूर्ण क्षेत्र के रूप में "कुलिंग और संबंधित क्षेत्रों" को चिह्नित करता है।

नोट :

- रेफ्रिजरेटर या एयर कंडीशनर के माध्यम से थर्मल कूलिंग अधिक ऊर्जा कुशल तरीके से की जाएगी। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- यह योजना संभवत: कूलिंग के क्षेत्र में नई तकनीकों के उभरने का मार्ग प्रशस्त करेगी।

8 B

व्याख्या:

### संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (UNSC):

1 दिसंबर, 2022 को भारत ने वर्ष 2021-22 में परिषद के निर्वाचित सदस्य के रूप में अपने दो वर्ष के कार्यकाल में दूसरी बार संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (UNSC) की अध्यक्षता संभाली है।

- भारत ने इससे पहले अगस्त 2021 में UNSC की अध्यक्षता संभाली थी।
- सुरक्षा परिषद की स्थापना 1945 में संयुक्त राष्ट्र चार्टर द्वारा की गई थी। यह संयुक्त राष्ट्र के छह प्रमुख अंगों में से एक है।
- संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद, अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखने के जनादेश के साथ, वैश्विक बहुपक्षवाद का केंद्र बिंदु है।
- महासचिव की नियुक्ति सुरक्षा परिषद की सिफारिश पर महासभा द्वारा की जाती है।
- UNSC और UNGA संयुक्त रूप से अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय के न्यायाधीशों का चुनाव करते हैं। अत: कथन 2 सही है।

### संरचना:

- UNSC का गठन 15 सदस्यों (5 स्थायी और 10 गैर-स्थायी) द्वारा किया गया है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- सुरक्षा परिषद के पाँच स्थायी सदस्य अमेरिका, ब्रिटेन, फ्राँस, रूस और चीन हैं।
- गौरतलब है कि इन स्थायी सदस्य देशों के अलावा 10 अन्य देशों को दो वर्ष की अवधि के लिये अस्थायी सदस्य के रूप में सुरक्षा परिषद में शामिल किया जाता है।

9 D

व्याख्या:

- हाल ही में भारत ग्रामीण आजीविका फाउंडेशन (BRLF) द्वारा जनजातीय विकास रिपोर्ट 2022 लॉन्च की गई, जो वर्ष 1947 के बाद से इस प्रकार का पहला प्रकाशन है।
- BRLF की स्थापना केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा वर्ष 2013 में केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय के तहत एक स्वतंत्र संस्था के रूप में की गई थी ताकि केंद्र और राज्य सरकारों के साथ साझेदारी में नागरिक समाज की कार्रवाई को बढ़ाया जा सके। अत: विकल्प D सही है।

10 C

व्याख्या:

- परिचय: हॉर्नबिल (बुसेरोटिडे परिवार) उष्णकटिबंधीय और उपोष्णकटिबंधीय अफ्रीका तथा एशिया में पाए जाने वाले पक्षियों का एक परिवार है। अत: कथन 1 सही है।
- भारत में हॉर्नबिल की नौ प्रजातियाँ पाई जाती है।
  - भारत के भीतर पूर्वोत्तर क्षेत्र में हॉर्नबिल प्रजातियों की विविधता सबसे अधिक है।
  - वे पूर्वोत्तर में कुछ जातीय समुदायों के विशेष रूप से अरुणाचल प्रदेश के 'न्याशी' समुदाय का सांस्कृतिक प्रतीक हैं। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- हॉर्नबिल का शिकार उनके 'कास्क' (ऊपरी चोंच) और उनके पंखों के लिये किया जाता है। उनके माँस और उनके शरीर के अंगों के औषधीय महत्त्व के चलते भी उनका अवैध शिकार किया जाता है। अत: कथन 3 सही है।
  - असली 'हॉर्नबिल कास्क' के बजाय हेडगियर के लिये फाइबर-ग्लास चोंच के उपयोग को बढ़ावा देने वाले एक संरक्षण कार्यक्रम ने इस खतरे को कम करने में मदद की है।
  - ऐसे वृक्षों, जहाँ हॉर्नबिल पक्षी घोंसला बनाते हैं, की अवैध कटाई से उनके प्राकृतिक आवास नष्ट हो जाते हैं।

नोट :

11 D

व्याख्या:

- नागरिक उड्डयन मंत्रालय द्वारा डिजीयात्रा प्लेटफॉर्म के माध्यम से हवाई यात्रियों के लिये एक डिजिटल अनुभव को बढ़ावा दिया जा रहा है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- डिजी यात्रा हवाई अड्डों पर यात्रियों की डिजिटल प्रोसेसिंग है।
- डिजी यात्रा प्लेटफॉर्म के 4 प्रमुख स्तंभ हैं: जैसे कनेक्टेड पैसेंजर्स, कनेक्टेड एयरपोर्ट्स, कनेक्टेड फ्लाइंग और कनेक्टेड सिस्टम्स। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- एंट्री पॉइंट चेक, सिक्योरिटी चेक और एयरक्राफ्ट बोर्डिंग जैसे चेकपॉइंट्स पर चेहरे की पहचान प्रणाली के आधार पर यात्रियों को स्वचालित रूप से संसाधित किया जाएगा।

12 C

व्याख्या:

- पब्लिसिटी राइट/ अधिकारों को अपनी पहचान के व्यावसायिक उपयोग को नियंत्रित करने के लिये किसी व्यक्ति के अधिकार के रूप में परिभाषित किया जा सकता है। अत: कथन 1 सही है।
- यह अधिकार, जिन्हें कभी-कभी सेलिब्रिटी अधिकारों के रूप में भी जाना जाता है, किसी व्यक्ति के व्यक्तित्व से जुड़े अधिकार हैं।
- सामान्य कानून के अधिकार क्षेत्र के तहत, पब्लिसिटी राइट/ अधिकार 'पासिंग ऑफ' के दायरे में आते हैं। अत: कथन 2 सही है।
- पासिंग ऑफ तब होता है जब कोई जानबूझकर या अनजाने में अपने सामान या सेवाओं को किसी अन्य पक्षों से संबंधित लोगों के रूप में पास करता है। इस प्रकार की गलत बयानी किसी व्यक्ति या व्यवसाय की सद्भावना को नुकसान पहुँचाती है, जिसके परिणामस्वरूप वित्तीय या प्रतिष्ठा को नुकसान होता है।

13 D

व्याख्या:

तटीय लाल रेत के टीले:

- परिचय:
  - तटीय लाल रेत के टीलों को 'एरा मैटी डिब्बालु' के नाम से भी जाना जाता है। यह विशाखापत्तनम के कई स्थलों में से एक है, जिसका भूगर्भीय महत्त्व है। अत: कथन 1 सही है।
  - यह स्थल समुद्री तट के किनारे स्थित है और विशाखापत्तनम शहर से लगभग 20 किमी उत्तर-पूर्व एवं भीमुनिपट्टनम से लगभग 4 किमी दक्षिण-पश्चिम में है।
  - इस स्थल को वर्ष 2014 में भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (Geological Survey of India- GSI) द्वारा भू-विरासत स्थल के रूप में घोषित किया गया था और आंध्र प्रदेश सरकार ने इसे वर्ष 2016 में 'संरक्षित स्थलों' की श्रेणी में सूचीबद्ध किया है। अत: कथन 2 सही है।
- वितरण:
  - इस तरह के बालू टिब्बे दुर्लभ हैं और दक्षिण एशिया के उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में केवल तीन स्थानों जैसे तमिलनाडु में थेरी सैंड्स, विशाखापत्तनम में एर्रा मट्टी दिब्बालू और श्रीलंका में एक साइट से रिपोर्ट किये गए हैं।
  - यह कई वैज्ञानिक कारणों से भूमध्यरेखीय या समशीतोष्ण क्षेत्रों में नहीं पाए जाते हैं। अत: कथन 3 सही है।

14 C

व्याख्या:

- पुनर्योजी कृषि एक समग्र कृषि प्रणाली है जो रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों के उपयोग को कम करने, खेतों की जुताई में कमी, पशुधन को एकीकृत करने तथा कवर फसलों का उपयोग करने जैसे तरीकों के माध्यम से मिट्टी के स्वास्थ्य, भोजन की गुणवत्ता, जैव विविधता में सुधार तथा जल और वायु गुणवत्ता पर केंद्रित है। अत: कथन 1 और कथन 2 सही है।

- यह निम्नलिखित सिद्धांतों का पालन करता है:
  - संरक्षण जुताई के माध्यम से मृदा वितरण को कम से कम करना
  - पोषक तत्त्वों को फिर से बेहतर करने और कीटों के जीवन चक्र को बाधित करने के लिये फसलों में विविधता लाना
  - कवर फसलों का उपयोग करके मिट्टी के आवरण को बनाए रखना
  - पशुधन को एकीकृत करना जो मृदा में उर्वरता को बढ़ाता है और कार्बन सिंक के स्रोत के रूप में कार्य करता है।

15 C

व्याख्या:

- मेरियम-वेबस्टर डिक्शनरी गैसलाइटिंग को "सामान्यत: समय के साथ किसी व्यक्ति के मनोवैज्ञानिक बदलाव के रूप में परिभाषित करती है, जो पीड़ित को अपने ही विचारों, वास्तविकता की धारणा या यादों की वैधता पर सवाल उठाने का कारण बनती है और सामान्य तौर पर भ्रम, आत्मविश्वास एवं आत्मसम्मान की हानि, किसी की भावनात्मक या मानसिक स्थिरता की अनिश्चितता की ओर ले जाती है।
- जब किसी को गैसलाइट किया जा रहा होता है, तो दुर्व्यवहारी और पीड़ित के बीच असंतुलन पैदा होता है। अत: विकल्प C सही है।

16 B

व्याख्या:

- खाद्य और कृषि संगठन (FAO) संयुक्त राष्ट्र की एक विशेष एजेंसी है जो भूख को हराने के लिये अंतर्राष्ट्रीय प्रयासों का नेतृत्व करती है। अत: कथन 1 सही है।
- प्रत्येक वर्ष विश्व में 16 अक्तूबर को विश्व खाद्य दिवस मनाया जाता है। यह दिवस FAO की स्थापना (वर्ष 1945) की वर्षगाँठ की याद में मनाया जाता है।
- यह संयुक्त राष्ट्र के खाद्य सहायता संगठनों में से एक है जो रोम (इटली) में स्थित है। इसके अलावा विश्व खाद्य कार्यक्रम और कृषि विकास के लिये अंतर्राष्ट्रीय कोष (IFAD) भी इसमें शामिल हैं। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- फ्लैगशिप पब्लिकेशन (Flagship Publications):
- वैश्विक मत्स्य पालन और एक्वाकल्चर की स्थिति (SOFIA)।
- विश्व के वनों की स्थिति (SOFO)।
- वैश्विक खाद्य सुरक्षा और पोषण की स्थिति (SOFI)।
- खाद्य और कृषि की स्थिति (SOFA)।
- कृषि कोमोडिटी बाज़ार की स्थिति (SOCO)।

17 B

व्याख्या:

- भारत ने दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र अभिसमय (यूएनसीआरपीडी) पर हस्ताक्षर किये हैं। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- दिव्यांग व्यक्तियों का अधिकार अधिनियम 2016 ने सरकारी नौकरियों में दिव्यांग व्यक्तियों के लिये आरक्षण की मात्रा 3% से बढ़ाकर 4% और उच्च शिक्षा संस्थानों में 3% से 5% तक बढ़ा दिया है।
- विशिष्ट दिव्यांगता पहचान (यूडीआईडी) कार्यान्वयन पदानुक्रम के सभी स्तरों यानी गाँव, ब्लॉक, ज़िला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर प्राप्तकर्ताओं की भौतिक और वित्तीय प्रगति की ट्रैकिंग को सुव्यवस्थित करता है। अत: कथन 2 सही है।

18 C

व्याख्या:

काज़ीरंगा राष्ट्रीय उद्यान:

- यह असम राज्य में स्थित है और ब्रह्मपुत्र घाटी के बाढ़ क्षेत्र में सबसे बड़ा अबाधित और प्रतिनिधि क्षेत्र है।
- इसे वर्ष 1974 में राष्ट्रीय उद्यान घोषित किया गया था।

- इसे वर्ष 2007 में टाइगर रिज़र्व घोषित किया गया है। इसमें 430 वर्ग कि.मी. के कोर क्षेत्र के साथ 1,030 वर्ग कि.मी. का कुल टाइगर रिज़र्व क्षेत्र है।

- इसे वर्ष 1985 में यूनेस्को का विश्व धरोहर स्थल घोषित किया गया था।
- इसे बर्डलाइफ इंटरनेशनल द्वारा एक महत्त्वपूर्ण पक्षी क्षेत्र के रूप में मान्यता दी गई है।
- यह रामसर स्थल नहीं है। दीपोर बील असम का एकमात्र रामसर स्थल है।
- विश्व में सर्वाधिक एक सींग वाले गैंडे काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान में ही पाए जाते हैं।
  - गैंडो की संख्या के मामले में असम के काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान के बाद पोबितोरा (Pobitora) वन्यजीव अभयारण्य का दूसरा स्थान है, जबकि पोबितोरा अभयारण्य विश्व में गैंडों की उच्चतम जनसंख्या घनत्व वाला अभयारण्य है। अत: विकल्प C सही है।

19 D

व्याख्या:

- हेमिस राष्ट्रीय उद्यान लद्दाख के केंद्र शासित प्रदेश में स्थित है और भारत का सबसे बड़ा राष्ट्रीय उद्यान है और इसमें स्नो लेपर्ड की अच्छी उपस्थिति भी है। अत: कथन 1 सही है।
- दक्षिण बटन द्वीप राष्ट्रीय उद्यान अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में स्थित है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- मोल्लेम राष्ट्रीय उद्यान गोवा में पश्चिमी घाट में स्थित है। अत: कथन 3 सही है।
- वाल्मीकि टाइगर रिज़र्व बिहार राज्य में स्थित है और बिहार का एकमात्र टाइगर रिज़र्व है, जो भारत में हिमालयी तराई जंगलों की सबसे पूर्वी सीमा बनाता है।
- गंगा के मैदानी जैव-भौगोलिक क्षेत्र में स्थित, इस टाइगर रिज़र्व की वनस्पति भाबर और तराई क्षेत्रों का एक संयोजन है। अत: कथन 4 सही है।

20 B

व्याख्या:

- भारत के राष्ट्रपति द्वारा 3 दिसंबर, 2022 को राष्ट्रपति भवन में भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद को उनकी जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित की गई।
- वे महादेव सहाय के पुत्र, उनका जन्म 3 दिसंबर, 1884 को बिहार के सिवान के जीरादेई में हुआ था।
- वर्ष 1916 में उन्होंने पटना उच्च न्यायालय में अपना कानूनी कॅरियर शुरू किया। उन्होंने वर्ष 1937 में इलाहाबाद विश्वविद्यालय से डॉक्टरेट की पढ़ाई पूरी की।
- जब गांधीजी स्थानीय किसानों की शिकायतों को दूर करने के लिये बिहार के चंपारण ज़िले में एक तथ्यान्वेषी मिशन पर थे, तब उन्होंने डॉ. राजेंद्र प्रसाद को स्वयंसेवकों के साथ चंपारण आने का आह्वान किया।
- वह आधिकारिक तौर पर वर्ष 1911 में कलकत्ता में आयोजित अपने वार्षिक सत्र के दौरान भारतीय राष्ट्रीय कॉन्ग्रेस में शामिल हो गए। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- उन्होंने अक्तूबर 1934 में भारतीय राष्ट्रीय कॉन्ग्रेस के बॉम्बे अधिवेशन की अध्यक्षता की।
- अप्रैल 1939 में सुभाष चंद्र बोस द्वारा कॉन्ग्रेस के अध्यक्ष पद से के इस्तीफे के बाद वे दूसरी बार अध्यक्ष चुने गए। अत: कथन 2 सही है।
- वर्ष 1946 में, वह पंडित जवाहरलाल नेहरू की अंतरिम सरकार में खाद्य और कृषि मंत्री के रूप में शामिल हुए और "अधिक अन्न उगाओ" का नारा दिया।

21 C

व्याख्या:

- परि-प्रशांत वलय दक्षिण और उत्तरी अमेरिका के पश्चिमी तट अर्थात् अलास्का में अल्यूशियन द्वीप, एशिया के पूर्वी तट, दक्षिणी न्यूज़ीलैंड और उत्तरी अंटार्कटिका तक विस्तृत है। अत: कथन 1 सही है।

- रिंग ऑफ फायर/परि-प्रशांत वलय क्षेत्र में ज्वालामुखियों और भूकंपों की बहुतायत घटनाएँ इस क्षेत्र में विवर्तनिक प्लेटों की गति के कारण होती है।
- रिंग ऑफ फायर के अधिकांश भाग के साथ, प्लेटें अभिसारी सीमाओं पर ओवरलैप करती हैं जिन्हें सबडक्शन ज़ोन/प्रविष्ठन क्षेत्र कहा जाता है। अर्थात् जो प्लेट नीचे है, उसे ऊपर की प्लेट द्वारा नीचे धकेल दिया जाता है, या सबडक्ट कर दिया जाता है। अत: कथन 2 सही है।

22 C

व्याख्या:

- यह जल की ज़रूरत को पूरा करने, जल निकायों को फिर से जीवंत करने, जलभृतों का बेहतर प्रबंधन, उपचारित अपशिष्ट जल का पुन: उपयोग करने के लिये अमृत मिशन की प्रगति सुनिश्चित करेगा, जिससे जल की चक्रीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा। अत: कथन 1 सही है।
- यह 500 अमृत शहरों में सीवरेज और सेप्टेज का 100% कवरेज प्रदान करेगा।
- जल के समान वितरण, अपशिष्ट जल के पुन: उपयोग और जल निकायों के मानचित्रण का पता लगाने के लिये शहरों में पेयजल सर्वेक्षण किया जाएगा। अत: कथन 2 सही है।

23 D

व्याख्या:

- सेमरू- जिसे "द ग्रेट माउंटेन" के रूप में भी जाना जाता है जावा का सबसे उच्चतम ज्वालामुखी शिखर है तथा सर्वाधिक सक्रिय ज्वालामुखियों में से एक है।
- इंडोनेशिया में विश्व के सक्रिय ज्वालामुखियों की सर्वाधिक संख्या होने के साथ-साथ इसके पैसिफिक रिंग ऑफ फायर/ परि-प्रशांत अग्नि वलय (Pacific's Ring of Fire) में अवस्थित होने के कारण यहाँ भूकंपीय उथल-पुथल का खतरा भी बना रहता है।
- सेमरू ज्वालामुखी भी सूंडा प्लेट (यूरेशियन प्लेट का हिस्सा) के नीचे स्थित इंडो-ऑस्ट्रेलियाई प्लेट के उप-भाग के रूप में निर्मित द्वीपीय चाप (Island Arcs) का हिस्सा है। यहाँ निर्मित गर्त सुंडा गर्त के नाम से जाना है, जावा गर्त (Java Trench) इसका प्रमुख खंड/भाग है। अत: विकल्प D सही है।

24 B


व्याख्या:

## अंतर्राष्ट्रीय चीता दिवसः

वर्ष 2010 से प्रत्येक वर्ष 4 दिसंबर को अंतर्राष्ट्रीय चीता दिवस मनाया जाता है।

- डॉ. लॉरी मार्कर ने खय्याम (khayam) की याद में इस दिन को अंतर्राष्ट्रीय चीता दिवस के रूप में नामित किया, इस चीते को उन्होंने विंस्टन, ओरेगन में वाइल्डलाइफ सफारी में एक शावक के रूप में पाला था।
- चीता बड़ी बिल्ली प्रजातियों में सबसे पुरानी प्रजातियों में से एक है, जिनके पूर्वजों की उत्पत्ति पाँच मिलियन से अधिक वर्षों से मियोसीन युग में हुई थी।
- चीता दुनिया का सबसे तेज़ भूमि स्तनपायी भी है जो अफ्रीका और एशिया में पाया जाता है।
- दुनिया के 7,000 चीतों में से अधिकांश दक्षिण अफ्रीका, नामीबिया और बोत्सवाना में पाए जाते हैं।
- नामीबिया में चीतों की दुनिया की सबसे बड़ी आबादी है। अत: कथन 2 सही है।
- चीता एकमात्र बड़ा माँसाहारी है जो अधिक शिकार और निवास स्थान के हानि के कारण भारत से पूरी तरह से विलुप्त हो गया है।
- हाल ही में भारत में आठ चीतों को नामीबिया से कूनो राष्ट्रीय उद्यान में लाया गया है।

नोट :

| क्रमांक | पैरामीटर | अफ्रीकी चीता | एशियाई चीता |
|---|---|---|---|
| 1. | IUCN की रेड लिस्ट | 'सुभेद्य' (Vulnerable) | 'अति संकटग्रस्त' (Critically Endangered). |
| 2. | CITES की सूची | परिशिष्ट-I | परिशिष्ट-I |
| 3. | वितरण | वन में लगभग 6,500-7,000 अफ्रीकी चीते मौजूद हैं। | केवल ईरान में 40-50 पाए जाते हैं। |
| 4. | भौतिक विशेषताएँ | इसका आकार एशियाई चीता की तुलना में बड़ा होता है। | शरीर पर बहुत अधिक फर, छोटा सिर व लंबी गर्दन, आमतौर पर इनकी आँखें लाल होती हैं और प्राय: बिल्ली के समान दिखते हैं। |
| 5. | चित्र |  |  |

अत: कथन 1 सही नहीं है।

25 B

व्याख्या:




- जर्मनी उत्तर में डेनमार्क, पश्चिम में नीदरलैंड, बेल्जियम, लक्समबर्ग और फ्राँस, दक्षिण में स्विट्ज़रलैंड और ऑस्ट्रिया, और पूर्व में चेक गणराज्य और पोलैंड के साथ अपनी 3,767-किलोमीटर भूमि सीमा साझा करता है। अत: विकल्प B सही है।

नोट :

26 D

व्याख्या:

- समझौते का उद्देश्य मध्य एशिया और फारस की खाड़ी के बीच एक अंतर्राष्ट्रीय मल्टीमॉडल परिवहन और ट्रांजिट कॉरिडोर स्थापित करना है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- समझौते पर पहली बार 25 अप्रैल, 2011 को उज़्बेकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान, ईरान, ओमान और कतर ने हस्ताक्षर किये थे।
- अश्गाबात समझौता अप्रैल 2016 में लागू हुआ।
- भारत वर्ष 2018 में अश्गाबात समझौते में शामिल हुआ। अत: कथन 2 सही नहीं है।

27 B

व्याख्या:

- काली मृदा लौह तत्त्व, चूना, कैल्शियम, पोटेशियम, एल्यूमीनियम और मैग्नीशियम से भरपूर होती है लेकिन इसमें नाइट्रोजन, फॉस्फोरस की कमी होती है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- काली मृदा जैविक पदार्थों से भरपूर, मोटी और गहरे रंग की होती है।
- कपास के बेहतर उत्पादन के लिये उच्च उर्वरता वाली काली मृदा आवश्यक है।
- दक्कन के पठार का अधिकांश भाग काली मृदा से ढका हुआ है। अत: कथन 2 सही है।

28 C

व्याख्या:

**महापरिनिर्वाण दिवस:**

- हाल ही में, प्रधानमंत्री ने महापरिनिर्वाण दिवस पर डॉ. बाबासाहब अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित की और हमारे राष्ट्र के लिये उनकी अनुकरणीय सेवा के लिये उनको याद किया।
- परिनिर्वाण, जिसे बौद्ध धर्म के प्रमुख सिद्धांतों और लक्ष्यों में से एक माना जाता है, एक संस्कृत शब्द है जिसका अर्थ मृत्यु के बाद मुक्ति या मोक्ष है।
  - बौद्ध ग्रंथ महापरिनिर्वाण सूत्र के अनुसार 80 वर्ष की आयु में भगवान बुद्ध की मृत्यु को वास्तविक महापरिनिर्वाण माना जाता है।
- 6 दिसंबर को डॉ. भीमराव अंबेडकर के अतुलनीय योगदान और उनकी उपलब्धियों को याद करने के लिए मनाया जाता है। बौद्ध धर्म स्वीकार करने के कारण, उनकी पुण्यतिथि को महापरिनिर्वाण दिवस के रूप में जाना जाता है। अत: कथन 1 सही है।
- बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर एक समाज सुधारक, न्यायविद, अर्थशास्त्री, लेखक, बहुभाषाविद (कई भाषाओं को जानने वाले या प्रयोग करने वाले) वक्ता, विद्वान और तुलनात्मक धर्मों के विचारक थे।
  - उन्हें भारतीय संविधान के जनक के रूप में जाना जाता है और वे भारत के पहले कानून मंत्री थे
  - वह नए संविधान की प्रारूप समिति के अध्यक्ष थे।
  - उन्होंने मार्च 1927 में हिंदुओं के खिलाफ महाड़ सत्याग्रह का नेतृत्त्व किया, जो नगर बोर्ड के निर्णय का विरोध कर रहे थे।
- 1926 में, महाड़ (महाराष्ट्र) के नगरपालिका बोर्ड ने सभी समुदायों के लिये तालाब को खोलने का आदेश पारित किया। पहले अछूतों को महाड़ तालाब के पानी का उपयोग करने की अनुमति नहीं थी।
  - उन्होंने तीनों गोलमेज सम्मेलनों में भाग लिया। अत: कथन 2 सही है।
  - 1932 में, डॉ. अंबेडकर ने महात्मा गांधी के साथ पूना पैक्ट पर हस्ताक्षर किये, जिसने दलित वर्गों (सांप्रदायिक पंचाट) के लिये अलग निर्वाचक मंडल के विचार को त्याग दिया।
  - उन्हें 1990 में भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया गया था।

नोट :

29 B

व्याख्या:

**मैंडस चक्रवात:**

- मैंडस चक्रवात तमिलनाडु और पुदुचेरी के तटों को 8 दिसंबर, 2022 से प्रभावित कर सकता है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- मैंडस धीमी गति से चलने वाला चक्रवात है जो अक्सर बहुत अधिक नमी को अवशोषित करता है, भारी मात्रा में वर्षा करता है एवं यह वायु की गति से शक्ति प्राप्त करता है।
- इसका नामकरण संयुक्त अरब अमीरात द्वारा किया गया है। अत: कथन 2 सही है।
- भारत मौसम विज्ञान विभाग (India Meteorological Department's- IMD) ने भविष्यवाणी की है कि तूफान प्रणाली पश्चिम और उत्तर-पश्चिम दिशा की ओर आगे बढ़ सकती है एवं 6 दिसंबर की शाम तक एक गर्त में बदल सकती है।
  - यह बाद में बंगाल की खाड़ी के दक्षिण-पश्चिम में चक्रवात के रूप में अधिक मज़बूत हो सकता है और 8 दिसंबर की सुबह तक तमिलनाडु तथा पुदुचेरी के तटों की ओर बढ़ सकता है।

30 B

व्याख्या:

- भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (NSA) ने पहली बार मध्य एशियाई देशों के अपने समकक्षों के साथ एक विशेष बैठक की मेज़बानी की।
- मध्य एशियाई देशों में शामिल हैं: कज़ाखस्तान, किर्गिस्तान, तज़ाकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान और उज़्बेकिस्तान अत: विकल्प B सही है।




31 A

व्याख्या:

- उपराष्ट्रपति राज्यसभा का पदेन सभापति होता है।
- राज्यसभा के सभापति के रूप में उपराष्ट्रपति सदन की प्रतिष्ठा और सम्मान का निर्विरोध संरक्षक होता है।
- संवैधानिक प्रावधान:
  - अनुच्छेद 64: उपराष्ट्रपति राज्यसभा का पदेन अध्यक्ष होगा और लाभ का कोई अन्य पद धारण नहीं करेगा।
  - संविधान के अनुच्छेद 89 में राज्यसभा के सभापति (भारत के उप-राष्ट्रपति) का प्रावधान है। अत: विकल्प A सही है।

नोट :

32 D

व्याख्या:

- उपराष्ट्रपति, राष्ट्रपति की तरह, सीधे लोगों द्वारा नहीं बल्कि अप्रत्यक्ष चुनाव की विधि से चुना जाता है। वह एक निर्वाचक मंडल के सदस्यों द्वारा चुना जाता है जिसमें संसद के दोनों सदनों के सदस्य शामिल होते हैं।
- यह निर्वाचक मंडल निम्नलिखित दो मामलों में राष्ट्रपति के चुनाव हेतु निर्वाचक मंडल से भिन्न है:
  - इसमें संसद के निर्वाचित और मनोनीत दोनों सदस्य होते हैं (राष्ट्रपति के संदर्भ में, केवल निर्वाचित सदस्य)। अत: कथन 1 सही नहीं है।
  - इसमें राज्य विधानसभाओं के सदस्य शामिल नहीं होते हैं (राष्ट्रपति के मामले में, राज्य विधानसभाओं के निर्वाचित सदस्य शामिल होते हैं)। अत: कथन 2 सही नहीं है।

33 B

व्याख्या:

- रेपो दर वह दर है जिस पर RBI सभी वाणिज्यिक बैंकों को पैसा उधार देता है जिसमें अनुसूचित बैंक के साथ-साथ अन्य संबंधित बैंक भी शामिल हैं। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- रेपो रेट पर उन बैंकों को ऋण दिया जाता है जो अपनी अल्पकालिक वित्तीय ज़रूरतों को पूरा करना चाहते हैं। जबकि, MSF बैंकों को रातोंरात उधार देने के लिये है। अत: कथन 2 सही है।

34 A

व्याख्या:

### मौद्रिक नीति समिति (MPC):

- संशोधित (2016 में) आरबीआई अधिनियम, 1934 की धारा 45ZB के तहत केंद्र सरकार को छह सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति (MPC) का गठन करने का अधिकार है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 के तहत RBI को विकास के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए मूल्य स्थिरता बनाए रखने के प्राथमिक उद्देश्य के साथ भारत में मौद्रिक नीति के संचालन की ज़िम्मेदारी सौंपी गई है। अत: कथन 2 सही है।
- इसके अलावा धारा 45ZB में कहा गया है कि मौद्रिक नीति समिति मुद्रास्फीति लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये आवश्यक नीतिगत दर का निर्धारण करेगी।
- मौद्रिक नीति समिति का निर्णय बैंक के लिये बाध्यकारी होता है।
- धारा 45ZB के अनुसार MPC में 6 सदस्य होंगे:
  A. RBI गवर्नर इसके पदेन अध्यक्ष के रूप में।
  B. मौद्रिक नीति का प्रभारी डिप्टी गवर्नर।
  C. केंद्रीय बोर्ड द्वारा नामित बैंक का एक अधिकारी।
  D. केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त तीन व्यक्ति।
  i. इस प्रक्रिया के तहत "अर्थशास्त्र या बैंकिंग या वित्त या मौद्रिक नीति के क्षेत्र में ज्ञान और अनुभव रखने वाले सक्षम व निष्पक्ष व्यक्तियों" की नियुक्ति की जाएगी।

35 A

व्याख्या:

- SpIN बढ़ते अंतरिक्ष उद्यमशीलता पारिस्थितिकी तंत्र के लिये नवाचार, क्यूरेशन और उद्यम विकास हेतु भारत का पहला समर्पित मंच है।
- स्पिन/SpIN प्लेटफॉर्म विभिन्न हितधारकों के लिये देश में अंतरिक्ष पारिस्थितिकी तंत्र में सहयोग और योगदान करने हेतु एक समान अवसरों का सृजन करेगा।

नोट :

- SpIN अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी उद्यमियों को मुख्य रूप से तीन अलग-अलग नवाचार श्रेणियों में सुविधा प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित करेगा:
  - भू-स्थानिक प्रौद्योगिकी और डाउनस्ट्रीम अनुप्रयोग
  - अंतरिक्ष और गतिशीलता के लिये प्रौद्योगिकियों को सक्षम बनाना
  - एयरोस्पेस सामग्री, सेंसर और वैमानिकी/ एवियोनिक्स। अत: विकल्प A सही है।

36 D

व्याख्या:

- संसद, भारत के संविधान के अनुच्छेद 2 और अनुच्छेद 3 से एक नया राज्य बनाने के लिए शक्तियाँ प्राप्त करती है।
- अनुच्छेद 2:
  - राज्य संसद विधि द्वारा संघ में प्रवेश कर सकते है या ऐसे नियमों और शर्तों पर नए राज्यों की स्थापना कर सकती है जो वह उचित समझे।
  - अनुच्छेद 2 के तहत सिक्किम राज्य देश का हिस्सा बना।
- अनुच्छेद 3: इसने संसद को मौजूदा राज्यों के परिवर्तन द्वारा नए राज्यों के गठन से संबंधित कानून बनाने का अधिकार दिया।
- अनुच्छेद 4: नए राज्यों के प्रवेश या स्थापना (अनुच्छेद 2 के तहत) और नए राज्यों के गठन एवं मौजूदा राज्यों के क्षेत्रों, सीमाओं या नामों में परिवर्तन (अनुच्छेद 3 के तहत) के लिये बनाए गए कानूनों को अनुच्छेद के तहत संविधान के संशोधन के रूप में नहीं माना जाता है 368.
- अनुच्छेद 4: नए राज्यों के प्रवेश या स्थापना (अनुच्छेद 2 के तहत) और नए राज्यों के गठन एवं मौजूदा राज्यों के क्षेत्रों, सीमाओं या नामों में परिवर्तन (अनुच्छेद 3 के तहत) के लिये बनाए गए कानूनों को अनुच्छेद 368 के तहत संविधान के संशोधन के रूप में नहीं माना जाएगा।

अत: विकल्प A सही है।

37 C

व्याख्या:

### पीएम स्वनिधि योजना की अवधि बढ़ाई गई:

प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना की अवधि को मार्च, 2022 से आगे बढ़ाया गया है।

### विस्तारित योजना के लिये प्रावधान:

- दिसंबर 2024 तक ऋण अवधि का विस्तार।
- क्रमश: ₹10,000 और ₹20,000 के पहले और दूसरे ऋण के अलावा ₹50,000 तक के तीसरे ऋण की शुरुआत।अत: कथन 2 सही है।
- देश भर में पीएम स्वनिधि योजना के सभी लाभार्थियों के लिये 'स्वनिधि से समृद्धि' घटक का विस्तार।
  - स्वनिधि से समृद्धि' को जनवरी, 2021 में 'पीएम स्वनिधि' लाभार्थियों और उनके परिवारों के सामाजिक-आर्थिक प्रोफाइल को चिह्नित करने हेतु लॉन्च किया गया था। अत: कथन 3 सही है।

### पीएम स्वनिधि योजना:

- प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) को आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत आर्थिक प्रोत्साहन-II के एक हिस्से के रूप में घोषित किया गया था।
- इसे 1 जून, 2020 से लागू किया गया था, ताकि उन स्ट्रीट वेंडरों को उनकी आजीविका को फिर से शुरू करने के लिये किफायती कार्यशील पूंजी ऋण प्रदान किया जा सके, जो कोविड-19 लॉकडाउन के कारण प्रतिकूल रूप से प्रभावित हुए हैं।
- यह एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है अर्थात यह आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा पूरी तरह से वित्त पोषित योजना है। अत: कथन 1 सही नहीं है।

38 C

व्याख्या:

- 74वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1992 ने नगर पंचायतों, नगर परिषदों और नगर निगमों को क्रमश: छोटे, बड़े और बहुत बड़े शहरी क्षेत्रों के रूप में स्थापित किया। अत: कथन 1 सही नहीं है।

नोट :

- पंचायती राज निकायों के वित्तीय मामलों से निपटने और स्थानीय शहरी स्वशासी निकायों के वित्तीय मामलों के लिये 74वें संविधान संशोधन के तहत राज्य वित्त आयोग का गठन किया गया है।
- महिलाओं के लिये एक तिहाई सीटों का आरक्षण, अत: कथन 3 सही नहीं है।
- शहरी स्थानीय निकायों में अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों के लिये उनकी जनसंख्या अनुपात में सीटों के आरक्षण का प्रावधान है। अत: कथन 4 सही है।

39 D

व्याख्या:

- राष्ट्रीय प्रवासी छात्रवृत्ति योजना एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है। यह अनुसूचित जातियों, विमुक्त घुमंतू और अर्द्ध-घुमंतू जनजातियों, भूमिहीन खेतिहर मज़दूरों और पारंपरिक कारीगर श्रेणी से संबंधित कम आय वाले छात्रों को विदेश में अध्ययन करके उच्च शिक्षा प्राप्त करने की सुविधा प्रदान करता है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
  - प्रत्येक वर्ष के पुरस्कारों का 30% महिला उम्मीदवारों के लिये निर्धारित किया जाता है।
- यह सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के तहत लागू किया गया है। अत: कथन 2 सही नहीं है।

40 D

व्याख्या:

- विदेशी मुद्रा भंडार विदेशी मुद्रा में एक केंद्रीय बैंक द्वारा आरक्षित संपत्ति है, जिसमें बॉण्ड, ट्रेजरी बिल और अन्य सरकारी प्रतिभूतियाँ शामिल हो सकती हैं।
  - यह ध्यान दिया जाना चाहिये कि अधिकांश विदेशी मुद्रा भंडार अमेरिकी डॉलर में आरक्षित किये जाते हैं।
- भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में शामिल हैं:
  - विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति
  - सोने का भंडार
  - विशेष अहरण अधिकार
  - अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) के साथ आरक्षित स्थिति। अत: विकल्प D सही है।

41 C

व्याख्या:

- ट्रोइका, G20 के भीतर शीर्ष समूह को संदर्भित करता है जिसमें वर्तमान, पिछले और आगामी अध्यक्ष पद वाले देश शामिल हैं। अत: कथन 1 सही है।
- जी-20 की स्थापना वर्ष 1999 में एशियाई वित्तीय संकट के बाद वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक के गवर्नरों के लिये वैश्विक आर्थिक एवं वित्तीय मुद्दों पर चर्चा करने के हेतु एक मंच के रूप में की गई थी।
- भारत वर्ष 2023 में जी 20 की अध्यक्षता करेगा। इसकी थीम "वन अर्थ, वन फैमिली, वन फ्यूचर" है। अत: कथन 2 सही है।

42 D

व्याख्या:

- यदि यह संबंधित राज्य विधान सभा के आम चुनाव में राज्य में डाले गए वैध मतों का 6% मत प्राप्त करता है और साथ ही यह उसी राज्य विधान सभा में 2 सीटें जीतता है। अत: कथन 1 सही है।
- यदि यह लोकसभा के आम चुनाव में राज्य में कुल वैध मतों का 6% प्राप्त करता है और साथ ही यह उसी राज्य से लोकसभा में 1 सीट जीतता है। अत: कथन 2 सही है।
- यदि यह संबंधित राज्य की विधानसभा के आम चुनाव में विधान सभा में 3% सीटें जीतता है या विधानसभा में 3 सीटें (जो भी अधिक हो) जीतता है। अत: कथन 3 सही नहीं है।
- यदि यह राज्य या राज्य विधान सभा के लिये लोकसभा के आम चुनाव में राज्य में डाले गए कुल वैध मतों का 8% मत प्राप्त करता है। अत: कथन 4 सही है।

43 D

व्याख्या:

- सर्वोच्च न्यायालय कॉलेजियम एक पाँच सदस्यीय निकाय है, जिसका नेतृत्त्व निवर्तमान भारत के मुख्य न्यायाधीश (CJI) करते हैं, जबकि सर्वोच्च न्यायालय के चार अन्य वरिष्ठतम न्यायाधीश इसमें शामिल होते हैं। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- उच्च न्यायालय कॉलेजियम का नेतृत्त्व उच्च न्यायालय के निवर्तमान मुख्य न्यायाधीश और उस न्यायालय के दो अन्य वरिष्ठतम न्यायाधीश करते हैं।
- कॉलेजियम की पसंद या चयन के बारे में सरकार आपत्ति कर सकती है और स्पष्टीकरण भी मांग सकती है, लेकिन अगर कॉलेजियम पुन: उन्हीं नामों की अनुशंसा करे तो सरकार उन्हें ही न्यायाधीशों के रूप में नियुक्त करने के लिये बाध्य है।
- संविधान के अनुच्छेद 124(2) और 217 क्रमश: सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालयों में न्यायाधीशों की नियुक्ति के संबंध में उपबंध करते हैं।
- ये नियुक्तियाँ राष्ट्रपति द्वारा की जाती हैं जिसके लिये वह "उच्चतम न्यायालय के और राज्यों के उच्च न्यायालयों के ऐसे न्यायाधीशों से परामर्श के पश्चात, जिनसे राष्ट्रपति इस प्रयोजन के लिये परामर्श करना आवश्यक समझे" की शर्त का पालन करता है।
- लेकिन संविधान इन नियुक्तियों के लिये कोई प्रक्रिया निर्धारित नहीं करता है। अत: कथन 1 सही नहीं है।

44 A

व्याख्या:

- हाल ही में 4 राज्यों - तमिलनाडु, कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश और छत्तीसगढ़ में अनुसूचित जनजाति (ST) सूची को संशोधित करने की मांग करने वाले चार विधेयकों को संविधान (ST) आदेश, 1950 में प्रस्तावित संशोधनों के माध्यम से लोकसभा में पेश किया गया था।
- विधेयक का उद्देश्य:
  - तमिलनाडु की ST सूची में नारीकोरवन और कुरुविक्करन पहाड़ी जनजातियों को शामिल करना। अत: विकल्प A सही है।
    - लोकुर समिति (1965) ने भी अपनी रिपोर्ट में उन्हें सूची में शामिल करने की सिफारिश की थी।
  - कर्नाटक की ST सूची में पहले से ही वर्गीकृत काडू कुरुबा के पर्याय के रूप में बेट्टा-कुरुबा को शामिल करना।
  - छत्तीसगढ़ की ST सूची में पहले से वर्गीकृत भारिया भूमिया जनजाति के लिये देवनागरी लिपि में अन्य समानार्थक शब्द जोड़ना।
    - जनजातीय मामलों के मंत्रालय के अनुसार, वे सभी एक ही जनजाति का हिस्सा हैं, लेकिन उन्हें सूची से बाहर रखा गया था क्योंकि उनके नाम अलग-अलग हैं।
  - सिरमौर ज़िले में ट्रांस-गिरि क्षेत्र के हट्टी समुदाय को हिमाचल प्रदेश की ST सूची में शामिल करना (लगभग पाँच दशकों के बाद)।

## ST सूची में शामिल करने की प्रक्रिया:

- राज्य द्वारा सिफारिश:
  - जनजातियों को ST की सूची में शामिल करने की प्रक्रिया संबंधित राज्य सरकारों की सिफारिश से शुरू होती है, जिसे बाद में जनजातीय मामलों के मंत्रालय को भेजा जाता है, जो समीक्षा करता है और अनुमोदन के लिये भारत के महापंजीयक को इसे प्रेषित करता है।
- NCST से मंज़ूरी: इसके बाद सूची को अंतिम निर्णय के लिये कैबिनेट को भेजे जाने से पहले राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग (National Commission for Scheduled Tribes- NCST) द्वारा मंज़ूरी दी जाती है।
- राष्ट्रपति की सहमति: अंतिम निर्णय करने की शक्ति राष्ट्रपति में निहित है (अनुच्छेद 342 के तहत)।
  - अनुसूचित जनजाति में किसी भी समुदाय को शामिल करने की प्रक्रिया संविधान (अनुसूचित जनजाति) आदेश, 1950 में संशोधन करने वाले विधेयक को राष्ट्रपति की मंज़ूरी के बाद ही प्रभावी होती है।

नोट :

45 A

व्याख्या:

- परिचय:
  - इसे आमतौर पर पटवा के रूप में जाना जाता है, यह वर्ष भर पाई जाने वाली झाड़ी(shrub) है जो विशेष रूप से उत्तराखंड के लिये स्थानिक है। अत: कथन 1 सही है।
- IUCN में सूचीबद्ध:
  - अध्ययन में कहा गया है कि इन प्रजातियों को उनके सीमित क्षेत्र (10 वर्ग किमी से कम) के आधार पर 'गंभीर रूप से लुप्तप्राय' के रूप में सूचीबद्ध किया गया है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
  - वनोन्मूलन , निवास स्थान का नुकसान, वनाग्नि के कारण ये प्रजातियाँ खतरे में है।
- महत्त्व:
  - प्रजातियों की पत्तियों से निकाले गए आवश्यक तेल में मज़बूत एंटीऑक्सिडेंट होते हैं और यह दवा उद्योगों में सिंथेटिक एंटीऑक्सिडेंट के लिये एक आशाजनक प्राकृतिक विकल्प हो सकता है।

46 C

व्याख्या:

**एंड-टू-एंड एन्क्रिप्शन:**

- परिचय:
- एंड-टू-एंड एन्क्रिप्शन एक संचार प्रक्रिया है जो दो उपकरणों के बीच साझा किये जा रहे डेटा को एन्क्रिप्ट करती है।
- यह क्लाउड सेवा प्रदाताओं, इंटरनेट सेवा प्रदाताओं (ISPs) और साइबर अपराधियों जैसे तीसरे पक्षों को डेटा तक पहुँचने से रोकता है, विशेषत: जब डेटा स्थानांतरित किया जा रहा हो।
- संदेशों को एन्क्रिप्ट और डिक्रिप्ट करने के लिये उपयोग की जाने वाली क्रिप्टोग्राफिक कुंजियाँ एंडपॉइंट पर संग्रहीत होती हैं। अत: कथन 1 सही है।
- एंड-टू-एंड एन्क्रिप्शन के लाभ (E2EE):
  - संप्रेषण में सुरक्षा:
    - एंड-टू-एंड एन्क्रिप्शन सार्वजनिक कुंजी क्रिप्टोग्राफी का उपयोग करता है, जो एंडपॉइंट उपकरणों पर निजी कुंजी संग्रहीत करता है। संदेशों को केवल इन कुंजियों का उपयोग करके डिक्रिप्ट किया जा सकता है, इसलिये केवल एंडपॉइंट डिवाइस तक पहुँच रखने वाले लोग ही संदेश को पढ़ने में सक्षम होते हैं।
  - तीसरे पक्ष से सुरक्षा::
    - E2EE यह सुनिश्चित करता है कि उपयोगकर्त्ता डेटा सेवा प्रदाताओं, क्लाउड स्टोरेज प्रदाताओं और एन्क्रिप्टेड डेटा को प्रबंधित करने वाली कंपनियों सहित अनुचित पार्टियों से सुरक्षित है।
- E2EE से हानि:
  - समापन बिंदुओं को परिभाषित करने में जटिलता:
    - कुछ E2EE कार्यान्वयन एन्क्रिप्टेड डेटा को ट्रांसमिशन के दौरान कुछ बिंदुओं पर एन्क्रिप्ट और पुन: एन्क्रिप्ट करने की अनुमति देते हैं।
    - यह संचार सर्किट के समापन बिंदुओं को स्पष्ट रूप से परिभाषित और अलग करता है। यदि एंडपॉइंट्स/समापन बिंदुओं से छेड़छाड़ की जाती है, तो एन्क्रिप्टेड डेटा प्रकट हो सकता है।
  - बहुत अधिक गोपनीयता:
    - सरकार और कानून प्रवर्तन एजेंसियाँ चिंता व्यक्त करती हैं कि E2EE अवैध सामग्री साझा करने वाले लोगों की रक्षा कर सकता है क्योंकि सेवा प्रदाता कानून प्रवर्तन को सामग्री तक पहुँच प्रदान करने में असमर्थ हैं। अत: कथन  सही है।

नोट :

47 D

व्याख्या:

## मलेरिया

- परिचय:
  - मलेरिया एक मच्छर जनित रक्त रोग (Mosquito Borne Blood Disease) है।जो प्लाज़्मोडियम परजीवी (Plasmodium Parasites) के कारण होता है।
  - यह मुख्य रूप से अफ्रीका, दक्षिण अमेरिका और एशिया के उष्णकटिबंधीय एवं उपोष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में पाया जाता है। अत: कथन 1 सही है।
  - इस रोग की रोकथाम एवं इलाज़ दोनों संभव हैं।
- प्रसार:
  - इस परजीवी का प्रसार संक्रमित मादा एनाफिलीज़ मच्छरों (Female Anopheles Mosquitoes) के काटने से होता है।
    - मानव शरीर में प्रवेश करने के बाद यकृत कोशिकाओं के भीतर इन परजीवियों गुणात्मक वृद्धि होती है। उसके बाद लाल रक्त कोशिकाओं (Red Blood Cells- RBC) को नष्ट कर देते हैं, जिसके परिणामस्वरूप RBCs की क्षति होती है। अत: कथन 2 सही है।
  - ऐसी 5 परजीवी प्रजातियाँ हैं जो मनुष्यों में मलेरिया संक्रमण का कारण हैं, इनमें से 2 प्रजातियाँ- प्लाज़्मोडियम फाल्सीपेरम (Plasmodium Falciparum) और प्लाज़्मोडियम विवैक्स (Plasmodium Vivax) हैं, जिनसे मलेरिया संक्रमण का सर्वाधिक खतरा विद्यमान है। अत: कथन 3 सही है।
- लक्षण:
  - मलेरिया के लक्षणों में बुखार और फ्लू जैसे लक्षण शामिल होते हैं, जिसमें ठंड लगना, सिरदर्द, मांसपेशियों में दर्द और थकान महसूस होती है।

48 B

व्याख्या:

- कोई भी संसद सदस्य (MP) जो मंत्री नहीं है, उसे निजी सदस्य के रूप में संदर्भित किया जाता है। एक निजी सदस्य एक 'निजी सदस्य विधेयक' पेश करता है।
- निजी सदस्य विधेयक का उद्देश्य सरकार का ध्यान उस ओर आकर्षित करना है, जो कि सांसदों (मंत्रियों के अतिरिक्त) के मुताबिक, एक महत्त्वपूर्ण मुद्दा है और जिसे विधायी हस्तक्षेप की आवश्यकता है।
- सदन में इसे पेश करने के लिये एक महीने के नोटिस की आवश्यकता होती है और इसे प्रस्तुत करने तथा इस पर चर्चा करने का कार्य केवल शुक्रवार को ही किया जा सकता है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- सदन द्वारा इसे अस्वीकृत किये जाने से सरकार में संसदीय विश्वास या उसके त्याग-पत्र पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है। अत: कथन 2 सही है।

49 B

व्याख्या:

- उर्वरक एक प्राकृतिक या कृत्रिम पदार्थ होता है जिसमें नाइट्रोजन (N), फास्फोरस (P) और पोटेशियम (K) रासायनिक तत्त्व होते हैं, जो पौधों की वृद्धि और उत्पादकता में सुधार करते हैं।
  - भारत में 3 मुख्य उर्वरक हैं - यूरिया, DAP और म्यूरेट ऑफ पोटाश (MOP)।
  - सरकार द्वारा फॉस्फेटिक और पोटासिक (P&K) उर्वरकों पर सब्सिडी की घोषणा प्रत्येक पोषक तत्व के लिये वार्षिक आधार पर प्रति किलोग्राम के आधार पर की जाती है - जो P&K उर्वरकों की अंतर्राष्ट्रीय और घरेलू कीमतों, विनिमय दर, देश में इन्वेंट्री स्तर आदि को ध्यान में रखते हुए निर्धारित की जाती है। अत: कथन 1 सही नहीं है।

नोट :

- सरकार, उर्वरक उत्पादकों को सब्सिडी का भुगतान करती है ताकि किसानों को बाज़ार से कम कीमत पर उर्वरक खरीदने की अनुमति मिल सके। अत: कथन 2 सही है।
- उर्वरक के उत्पादन/आयात की लागत और किसानों द्वारा भुगतान की गई वास्तविक राशि के बीच का अंतर सरकार द्वारा वहन की जाने वाली सब्सिडी का हिस्सा होता है।
- उर्वरक के उत्पादन/आयात की लागत और किसानों द्वारा भुगतान की गई वास्तविक राशि के बीच का अंतर सरकार द्वारा वहन की जाने वाली सब्सिडी का हिस्सा होता है। अत: विकल्प (B) सही है|

50 D

व्याख्या:

- गंगा उत्तराखंड के उत्तरकाशी ज़िले में लगभग 7,010 मीटर की ऊँचाई पर हिमालय में गंगोत्री ग्लेशियर से निकलती है। इसके स्रोत पर नदी को भागीरथी कहा जाता है। इसे देवप्रयाग में अलकनंदा से मिलने के बाद गंगा कहा जाता है।
- यह भारत की सबसे लंबी नदी है जो 2,510 किमी. लंबी है, यह पहाड़ों, घाटियों और मैदानों में बहती है एवं हिंदुओं द्वारा पृथ्वी पर सबसे पवित्र नदी के रूप में प्रतिष्ठित है।
- यमुना और सोन नदी, दाहिनी ओर से मिलने वाली मुख्य सहायक नदियाँ हैं। रामगंगा, घाघरा, गंडक, कोसी और महानंदा बाई ओर से गंगा नदी में मिलती हैं। चंबल व बेतवा दो अन्य महत्त्वपूर्ण उप-सहायक नदियाँ हैं। अत: विकल्प D सही है।




51 B

व्याख्या:

- हाल ही में सिंगापुर में अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO) की 17वीं एशिया प्रशांत क्षेत्रीय बैठक (APRM) आयोजित की गई। अत: कथन 2 सही नहीं है।
  - ◆ यह एशिया, प्रशांत और अरब देशों की सरकारों, नियोक्ताओं और श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधियों को एकजुट करता है।

- अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन की स्थापना वर्ष 1919 में वर्साय की संधि द्वारा राष्ट्र संघ की एक संबद्ध एजेंसी के रूप में इसकी स्थापना हुई। अत: कथन 1 सही है।
  - यह संयुक्त राष्ट्र की एकमात्र त्रिपक्षीय संस्था है जिसमें सरकारें, नियोक्ता और श्रमिक शामिल हैं।
  - इसका मुख्यालय जेनेवा, स्विट्ज़रलैंड में है।

52 C

व्याख्या:

- संसदीय समिति सांसदों का एक पैनल है जिसे सदन द्वारा नियुक्त या निर्वाचित किया जाता है या अध्यक्ष/सभापति द्वारा नामित किया जाता है।
- समिति अध्यक्ष/सभापति के निर्देशन में कार्य करती है और यह अपनी रिपोर्ट सदन या अध्यक्ष/सभापति को प्रस्तुत करती है। अत: कथन 1 सही है।
- संसदीय समितियों की उत्पत्ति ब्रिटिश संसद में हुई है। अत: कथन 2 सही है।
- उन्हें अनुच्छेद 105 और अनुच्छेद 118 के तहत अधिकार प्राप्त हैं।
  - अनुच्छेद 105 सांसदों के विशेषाधिकारों से संबंधित है।
  - अनुच्छेद 118 संसद को अपनी प्रक्रिया और कार्य संचालन को विनियमित करने के लिये नियम बनाने का अधिकार देता है।

53 C

व्याख्या:

### विचाराधीन कैदियों हेतु संवैधानिक संरक्षण:

- राज्य का विषय:
  - भारत के संविधान की सातवीं अनुसूची की सूची II की प्रविष्टि 4 के तहत 'जेल/उसमें हिरासत में लिये गए व्यक्ति' राज्य सूची का विषय है।
  - जेलों का प्रशासन और प्रबंधन संबंधित राज्य सरकारों की ज़िम्मेदारी है।
  - हालाँकि गृह मंत्रालय जेलों और कैदियों से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों को नियमित मार्गदर्शन तथा सलाह देता है।
- अनुच्छेद 39A:
  - संविधान का अनुच्छेद 39A राज्य को यह सुनिश्चित करने का निर्देश देता है कि कानूनी प्रणाली का संचालन समान अवसर के आधार पर न्याय को बढ़ावा देता है और विशेष रूप से उपयुक्त कानून या योजनाओं द्वारा या किसी अन्य तरीके से नि:शुल्क कानूनी सहायता प्रदान करेगा, ताकि अवसरों को सुनिश्चित किया जा सके। आर्थिक या अन्य अक्षमताओं के कारण कोई भी नागरिक न्याय प्राप्त करने से वंचित नहीं किया जाए।
  - नि:शुल्क कानूनी सहायता या नि:शुल्क कानूनी सेवा का अधिकार संविधान द्वारा गारंटीकृत आवश्यक मौलिक अधिकार है।
- अनुच्छेद 21:
  - यह भारत के संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत उचित, निष्पक्ष और न्यायपूर्ण स्वतंत्रता का आधार है, जिसके अनुसार, "कानून द्वारा स्थापित प्रक्रिया के अलावा किसी भी व्यक्ति को उसके जीवन या व्यक्तिगत स्वतंत्रता से वंचित नहीं किया जाएगा"।

54 C

व्याख्या:

- इसे भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की स्मृति में शुरू किया गया था।
- रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (Defence Research and Development Organisation- DRDO) स्टार्ट-अप और अन्वेषकों/इनोवेटर्स को उभरती प्रौद्योगिकियों में कुछ प्रमुख चुनौतियों को हल करने का एक अनूठा अवसर प्रदान करता है जो भारत की रक्षा और एयरोस्पेस क्षमताओं को बढ़ावा देने में मदद कर सकते हैं।

नोट :

- DRDO वर्ष 2019 से हर साल इनोवेटर्स, उद्यमियों, 18 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों और स्टार्ट-अप को एक साथ लाने के लिये इस प्रतियोगिता का आयोजन कर रहा है।
- डेयर टू ड्रीम 2.0 और डेयर टू ड्रीम 3.0 को क्रमश: 2020 और 2021 में लॉन्च किया गया था।
- प्रविष्टियों के मूल्यांकन के लिये चयन मानदंड प्रस्ताव की पूर्णता, वैज्ञानिक सुदृढ़ता, डिज़ाइन पूर्णता, योग्यता, प्राप्त तकनीकी तत्परता स्तर और नवाचार हैं। अत: विकल्प C सही है।

55 B

व्याख्या:

- भारत मौसम विज्ञान विभाग (India Meteorological Department-IMD) के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ ऐसे तूफान हैं जो कैस्पियन या भूमध्य सागर में उत्पन्न होते हैं तथा उत्तर-पश्चिम भारत में गैर-मानसूनी वर्षा के लिये ज़िम्मेदार होते हैं।
    - अत: कथन 1 सही है।
- इन्हें भूमध्य सागर में उत्पन्न होने वाले एक 'बहिरूष्ण उष्णकटिबंधीय तूफान' के रूप में चिह्नित किया जाता है, जो एक निम्न दबाव का क्षेत्र है तथा उत्तर-पश्चिम भारत में अचानक वर्षा, बर्फबारी एवं कोहरे के लिये ज़िम्मेदार हैं।
    - WD भूमध्य सागर और/या अटलांटिक महासागर से नमी प्राप्त करता है।
    - WD के कारण शीत ऋतु में और मानसून पूर्व वर्षा होती है साथ ही यह उत्तरी उपमहाद्वीप में रबी फसल के विकास के लिये महत्त्वपूर्ण है।
    - अत: कथन 3 सही है।
- यह विक्षोभ 'पश्चिम' से 'पूर्व' दिशा की ओर आता है।
    - यह विक्षोभ अत्यधिक ऊँचाई पर पूर्व की ओर चलने वाली 'वेस्टरली जेट धाराओं' (Westerly Jet Streams) के साथ यात्रा करते हैं।
    - अत: कथन 2 सही नहीं है।
- वे ईरान, अफगानिस्तान और पाकिस्तान से होते हुए भारतीय उपमहाद्वीप में प्रवेश करती है।

56 C

व्याख्या:

- कौशल की मांग और आपूर्ति के बीच के अंतर को कम करने के लिये 'राष्ट्रीय कौशल विकास निगम ('National Skill Development Corporation- NSDC) की स्थापना की गई थी। अत: कथन 1 सही है।
- NSDC को राष्ट्रीय कौशल विकास मिशन के हिस्से के रूप में स्थापित किया गया था।
- NSDC अल्ट्रा-लो-कॉस्ट, हाई-क्वालिटी, इनोवेटिव बिजनेस मॉडल के विकास की सुविधा देता है और महत्त्वपूर्ण निजी निवेश को आकर्षित करता है। अत: कथन 2 सही है।

57 B

व्याख्या:

- लॉयन-टेल्ड मकॉक को IUCN रेड लिस्ट के तहत लुप्तप्राय के रूप में वर्गीकृत किया गया है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- IUCN प्रजातियों को नौ श्रेणियों में विभाजित करता है: अनाकलित (Not Evaluated), डेटा अपूर्ण (Data Deficient), संकट मुक्त (Least Concern), संकटापन्न (Near Threatened), सुभेद्य (Vulnerable), संकटग्रस्त (Endangered), गंभीर रूप से संकटग्रस्त (Critically Endangered), वन विलुप्त (Extinct in the Wild) एवं विलुप्त (Extinct)।
- लॉयन-टेल्ड मकॉक पश्चिमी घाट के सदाबहार जंगलों के स्थानिक हैं। अत: कथन 2 सही है।

58 D

व्याख्या:

- PDS उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के तहत स्थापित एक भारतीय खाद्य सुरक्षा प्रणाली है।

नोट :

- सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) कम कीमत पर अनाज के वितरण और आपातकालीन स्थितियों में प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिये लाई गई एक प्रणाली है।
  - PDS केंद्र और राज्य सरकारों की संयुक्त उत्तरदायित्व के तहत संचालित होता है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
  - पहचान किये गए लाभार्थियों को खाद्यान्न उपलब्ध कराने के लिये केंद्र और राज्य सरकारें ज़िम्मेदारी साझा करती हैं।
  - केंद्र न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) पर किसानों से अनाज खरीदता है और केंद्रीय निर्गम मूल्य पर राज्यों को बेचता है। यह प्रत्येक राज्य में अनाज को गोदामों तक पहुँचाने हेतु ज़िम्मेदार है।
  - राज्य इन गोदामों से खुदरा दुकान (राशन की दुकान) तक खाद्यान्न की ढुलाई की व्यवस्था और प्रबंधन करते हैं, जहाँ लाभार्थी निम्न केंद्रीय निर्गम मूल्य पर खाद्यान्न खरीदता है। कई राज्य खाद्यान्न को लाभार्थियों को बेचने से पहले उसकी कीमतों में और सब्सिडी देते हैं।

### PDS प्रणाली का महत्त्व:

  - यह राष्ट्र की खाद्य और पोषण संबंधी सुरक्षा सुनिश्चित करने में मदद करता है।
  - इसने खाद्य कीमतों को स्थिर करने और गरीबों को सस्ती कीमतों पर अनाज/भोजन उपलब्ध कराने में सहायता की है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
  - यह गोदामों में खाद्यान्नों के बफर स्टॉक को बनाए रखता है ताकि कम कृषि खाद्य उत्पादन की अवधि के दौरान भी भोजन/अनाज का प्रवाह सक्रिय रूप से बना रहे।
  - इसने देश के अधिशेष क्षेत्रों से अभावग्रस्त क्षेत्रों में भोजन की आपूर्ति करके अनाज के पुनर्वितरण में मदद की है।
  - न्यूनतम समर्थन मूल्य और खरीद की व्यवस्था ने खाद्यान्न उत्पादन में वृद्धि में योगदान दिया है।

59 C

- क्षुद्रग्रह रयुगु एक हीरे के आकार की अंतरिक्ष चट्टान है। इसका व्यास लगभग 2,952 फीट (900 मीटर) है।
- रयुगु की खोज वर्ष 1999 में लिंकन नियर-अर्थ क्षुद्रग्रह अनुसंधान (LINEAR) परियोजना द्वारा की गई थी, जो अंतरिक्ष चट्टानों को सूचीबद्ध करने और ट्रैक करने के लिये एक सहयोगी, अमेरिका-आधारित परियोजना है।
- रयुगु पृथ्वी और मंगल के बीच सूर्य की परिक्रमा कर रहा है और कभी-कभी पृथ्वी की कक्षा को पार कर जाता है। अत: विकल्प C सही है।

60 A

व्याख्या:

- सूचना समाज के लिये ट्यूनिस एजेंडा 18 नवंबर, 2005 को ट्यूनिस, ट्यूनीशिया में अपनाई गई वर्ल्ड समिट ऑन इनफार्मेशन सोसाइटी द्वारा सर्वसम्मति से दिया गया एक बयान था।
- इसने इंटरनेट गवर्नेंस फोरम के निर्माण और इंटरनेट के लिये एक आदर्श, बहु हितधारक शासन संरचना का आह्वान किया।
- संयुक्त राष्ट्र स्थित इंटरनेट गवर्नेंस फोरम (IGF) के ट्यूनिस एजेंडा के IGF-पैराग्राफ 72 के अनुरूप भारत इंटरनेट गवर्नेंस फोरम (IIGF) का गठन किया गया है। अत: विकल्प A सही है।

61 C

व्याख्या:

- स्वच्छता उद्यमी योजना सार्वजनिक निजी भागीदारी (PPP) मोड में भुगतान और उपयोग सामुदायिक शौचालयों के निर्माण, संचालन और रखरखाव और स्वच्छता संबंधी वाहनों की खरीद एवं संचालन के लिये वित्तीय सहायता प्रदान करती है। अत: कथन 1 सही है।
- सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने स्वच्छता उद्यमी योजना (SUY) शुरू की है।
- स्वच्छता से संबंधित वाहनों की खरीद और संचालन
  - क्षमता का दोहन करने के लिये उपयुक्त बुनियादी ढाँचा तैयार करना।
  - स्रोत से कचरा संग्रहण के लिये सुविधाओं का निर्माण करना।
  - सफाई कर्मचारियों/मैला ढोने वालों के लक्षित समूह के लिये रोज़गार के अवसर सृजित करना।

- मैला ढोने वालों के पुनर्वास के लिये स्वरोज़गार योजना (SRMS) के तहत 3.25 लाख रूपए की अधिकतम सब्सिडी तब देय होती है जब इकाई की स्थापना "हाथ से मैला ढोने वालों के रूप में रोज़गार का निषेध और उनका पुनर्वास अधिनियम, 2013" के अनुसार पहचान की जाती है। अत: कथन 2 सही है।

62 C

व्याख्या:

- मुख्य रूप से भारतीय उपमहाद्वीप में पाया जाने वाला द ग्रेट इंडियन बस्टर्ड, भारत की प्रमुख घास के मैदान की प्रजाति है।
- संरक्षण स्तर:
  - यह भारतीय वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की अनुसूची I में सूचीबद्ध है, अत: कथन 1 सही है।
  - CITES के परिशिष्ट I में सूचीबद्ध।
  - IUCN रेड लिस्ट में गंभीर रूप से संकटग्रस्त के रूप में सूचीबद्ध।
- बस्टर्ड की आबादी एवं उनके आवास के संबंध में गुजरात में कच्छ के घास के मैदान दूसरे स्थान पर हैं। अत: कथन 2 सही है।

63 C

व्याख्या:

- चालू खाता देश में और बाहर माल, सेवाओं और निवेश के प्रवाह को मापता है। यह देश के विदेशी लेनदेन का प्रतिनिधित्व करता है और पूंजी खाते की तरह, देश के भुगतान संतुलन (BoP) का एक घटक है।
- चालू खाते में घाटा तब होता है जब आयातित वस्तुओं और सेवाओं का मूल्य निर्यात किये गए मूल्य से अधिक हो जाता है
- बढ़ते CAD वाला देश दर्शाता है कि वह अब अप्रतिस्पर्धी हो गया है, और निवेशक वहाँ निवेश करने के इच्छुक नहीं हो सकता है न हों। अत: कथन 1 सही है।
- चालू खाता घाटा और राजकोषीय घाटा (जिसे "बजट घाटा" के रूप में भी जाना जाता है यह एक ऐसी स्थिति है जब किसी देश का व्यय उसके राजस्व से अधिक हो जाता है) को एक साथ जुड़वाँ घाटे के रूप में जाना जाता है और दोनों अक्सर एक दूसरे को सुदृढ़ करते हैं, अर्थात, उच्च राजकोषीय घाटा उच्च CAD की ओर जाता है या इसके विपरीत। अत: कथन 2 सही है।

64 B

व्याख्या:

- ट्रामजात्रा (ट्राम की यात्रा) एक चलता-फिरता ट्राम कार्निवाल है जिसे वर्ष 1996 में मेलबर्न और कोलकाता के उत्साही लोगों द्वारा संयुक्त रूप से शुरू किया गया था।
- वर्तमान समय में कोलकाता एकमात्र भारतीय शहर है जहाँ ट्राम अभी भी चलती है, कोलकाता में इसके लगभग दो दर्जन से अधिक मार्ग थे।
  - वर्तमान में चलित मार्गों की संख्या घटकर केवल 2 रह गई है।
- वर्ष 2023 का आयोजन ट्राम को चालू रखने के लिये पश्चिम बंगाल सरकार को राजी करने के संदर्भ में होगा। अत: विकल्प B सही है।

65 C

व्याख्या:

- बेपोर के उरु, केरल में कुशल कारीगरों और बढ़ई द्वारा दस्तकारी की गई एक लकड़ी से बनी एक ढो (जहाज़ / नौकायन नाव / नौकायन पोत) है।
  - बेपोर के उरु बेहतरीन किस्म की लकड़ी से बने होते हैं और वह भी किसी आधुनिक तकनीक का उपयोग किये बिना।
- बेपोर के उरु केरल और खाड़ी देशों के साथ मैत्रीपूर्ण व्यापारिक संबंधों का प्रतीक है। अत: कथन 1 सही है।
- उरु-निर्माण से जुड़े प्रमुख लोग ओडायी और खलासी (Odayis and Khalasis) हैं।
  - ओडायी : वे जहाज़ निर्माण के तकनीकी पक्षों का प्रबंधन करते हैं।
  - खलासी: वे केवल पारंपरिक तरीकों का उपयोग करके पूरे उरुस को जल में लॉन्च करने के अपने कौशल और विशेषज्ञता के लिये विश्व प्रसिद्ध हैं। अत: कथन 2 सही है।